<u>पस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर</u>
<u>दिनांक– 15.08.2024</u>

- **<u>थाना सिखेडा पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 15.08.2024 को थाना सिखेडा पर नियुक्त उ0नि0 श्री पवन कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 76/2024 धारा 85,80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम में वांछित अभियुक्त सागर पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम भण्डूरा थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा भाले–भाले लोगो को हनीट्रैप में फंसाकर धन वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 01 अभियुक्ता सहित 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार–</u>**

  दिनांक 15.08.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रवीन शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 307/2024 धारा 115(2),352,318(4),308(5),127 बीएनएस में वांछित अभियुक्ता 1. जैनब पत्नी जाकिर निवासी मौहल्ला गैस गौदाम कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर व अभियुक्तगण 2. जाकिर पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला गैस गौदाम कस्बा व थाना खतौली, मुजफ्फरनगर, 3. तैमूर पुत्र खुर्शीद निवासी नंगला रूद्र थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को सफेदा रोड ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोबाईल फोन व 01 बिना नम्बर की स्कूटी बरामद की गयी।